कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक 21.06.2024

विषयः-थाना चेतगंज पुलिस द्वारा थाने में पंजीकृत मुकदमें में वांछित/वारण्टी अभियुक्त मदन को गिरफ्तार किया गया ।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा जघन्य अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी चेतगंज के कुशल नेतृत्व में दिनांक 20.06.2024 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 50/2023 धारा 363,311,370 भादवि में वांछित/वारण्टी अभियुक्त मदन मोदी पुत्र रामेश्वर मोदी निवासी ग्राम तुर्कबाद चुगलामो थाना बरकटठा जिला हजारीबाग झारखण्ड को मुखबिर खास की सूचना के आधार पर हीरोडीह बाजार थाना जयनगर जिला कोडरमा झारखण्ड से अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना हाजा लाया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः-

आवेदक शमसेर सिंह पुत्र रज्जन निवासी सी 7/29 सेनपुरा थाना चेतगंज वाराणसी के प्रार्थना पत्र पर मु0अ0सं0 50/2023 धारा 363 भादवि पंजीकृत हुआ था। विवेचना के क्रम में अभियोग उपरोक्त से संबंधित अन्य अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी की जा चुकी थी तथा अभियोग उपरोक्त में जुर्म धारा 311,370 भादवि की बढोत्तरी की गयी थी। वांछित/वारण्टी अभियुक्त मदन मोदी पुत्र रामेश्वर मोदी निवासी ग्राम तुर्कबाद चुगलामो थाना बरकटठा जिला हजारीबाग झारखण्ड की तलाश पतारस सुरागरसी जारी थी। जिसके संबंध में दिनांक 20.06.2024 को जरिये मुखबिर खास सूचना प्राप्त हुयी थी कि अभियुक्त मदन मोदी उपरोक्त वर्तमान समय में हीरोडीह बाजार थाना जयनगर जिला कोडरमा में मौजूद है मुखबीर खास की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्त मदन मोदी उपरोक्त को हीरोडीह बाजार थाना जयनगर जिला कोडरमा झारखण्ड से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ विवरण-

मदन मोदी पुत्र रामेश्वर मोदी निवासी ग्राम तुर्कबाद चुगलामो थाना बरकटठा जिला हजारीबाग झारखण्ड पूछताछ में अपने जुर्म को स्वीकार करते हुए अपनी गलती की माफी मांगते हुए बता रहा है कि साहब गलती हो गयी माफ कर दीजिए अब भविष्य में ऐसा कोई गलत काम नही करूंगा।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-</u>

1. मदन मोदी पुत्र रामेश्वर मोदी निवासी ग्राम तुर्कबाद चुगलामो थाना बरकटठा जिला हजारीबाग झारखण्ड उम्र करीब 41 वर्ष

<u>गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान</u>- दिनांक गिरफ्तारी 20.06.2024 को हीरोडीह बाजार थाना जयनगर कोडरमा झारखण्ड से

<u>पंजीकृत अभियोग का विवरण</u> -

1. मु0अ0स0 50/2023 धारा 363,370,311 भा0द0वि0 थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी।

<u>आपराधिक इतिहास</u>

अभियुक्त के अपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम</u>

1. डा0 आशीष कुमार मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक, थाना चेतगंज, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री अशोक कुमार सिंह चौकी प्रभारी नाटी इमली थाना चेतगंज, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 3133 रविदत्त थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 4656 संजय प्रताप थाना चेतगंज, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
जोन-काशी कमि0 वाराणसी